अजमेर में मतदान के दौरान कई स्थानों पर अव्यवस्थाओं की शिकायतें सामने आईं

कहीं आईडी को लेकर परेशानी तो कहीं ईवीएम खराबी से मतदान प्रभावित हुआ

अजमेर, (कासं)। अजमेर नगर निगम के 80 वार्डों में शुक्रवार को मतदान के दौरान कई स्थानों पर व्यवस्थाओं को लेकर शिकायतें सामने आईं। कहीं पहचान पत्र को लेकर मतदाता को परेशानी हुई, तो कहीं ईवीएम में तकनीकी खराबी आने से कुछ समय के लिए मतदान प्रभावित हुआ। वार्ड संख्या 79 में एक मतदाता के नाम पर दूसरे व्यक्ति द्वारा मतदान किए जाने के आरोप के बाद कुछ देर मतदान केंद्र पर चर्चा का माहौल बना रहा।

वार्ड संख्या 79 के वृंदावन स्कूल स्थित मतदान केंद्र पर ईवीएम करीब 10 मिनट तक खराब रही। मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण मतदान कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ और मतदाताओं की कतार लग गई। बाद में मशीन को दुरुस्त कर मतदान प्रक्रिया सुचारू कराई गई। इसी दौरान कांग्रेस से विधानसभा प्रत्याशी रह चुकीं द्रोपदी कोली मतदान के लिए केंद्र पर पहुंचीं, लेकिन उनके पास पहचान पत्र नहीं होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। कुछ देर बाद मोबाइल में आईडी दिखाने पर उन्हें मतदान करने की अनुमति दी गई। वार्ड 79 में कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि वर्षा नाम की मतदाता के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति ने मतदान कर दिया। शिकायत सामने आने के बाद मतदान केंद्र प्रशासन की ओर से संबंधित मतदाता का वोट शाम को डलवाने की बात कही गई। मामले को लेकर मतदान केंद्र पर कुछ देर चर्चा का माहौल बना रहा।

अजमेर मतदान के दौरान महिला और पुरुष मतदाता उत्साहित नजर आये।

नगर निकाय चुनाव के दौरान अजमेर के वार्ड संख्या 73 में फर्जी मतदान के आरोप को लेकर मतदान केंद्र पर हंगामा हो गया। वोट डालने पहुंची एक महिला ने आरोप लगाया कि उसके मतदान केंद्र पर पहुंचने से पहले ही उसके नाम से मतदान किया जा चुका है। महिला के आरोप के बाद मतदान केंद्र पर कुछ देर के लिए माहौल बिगड़ गया और हंगामा होने लगा। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा महिला और अन्य लोगों से समझाइश की। अधिकारियों ने मामला शांत कराने के बाद मतदान प्रक्रिया को दोबारा सुचारू कराया।

महिला की ओर से लगाए गए आरोप को लेकर प्रशासन स्तर पर मामले की जानकारी ली गई। घटना के बाद मतदान केंद्र पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर निकाय चुनाव के दौरान वार्ड संख्या 62 स्थित सोफिया कॉलेज स्कूल के मतदान केंद्र पर फर्जी मतदान के आरोप को लेकर हंगामा सामने आया। संतोष देवी मतदान करने के लिए केंद्र पर पहुंचीं तो उन्हें कथित तौर पर बताया गया कि उनके नाम से पहले ही मतदान किया जा चुका है। संतोष देवी का आरोप है कि उन्होंने स्वयं मतदान नहीं किया, इसके बावजूद उनके नाम से किसी अन्य व्यक्ति ने वोट डाल दिया। उन्होंने मतदान केंद्र पर मौजूद अधिकारियों से मामले की जानकारी ली और इस पर आपत्ति जताई। संतोष देवी ने मतदान व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि मतदान करना उनका अधिकार है। यदि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उनके नाम से मतदान किया गया है तो यह गंभीर मामला है और इससे मतदान केंद्र की व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं।

- **वार्ड संख्या 79 में एक मतदाता के नाम पर दूसरे व्यक्ति द्वारा मतदान किए जाने के आरोप के बाद कुछ देर मतदान केंद्र पर चर्चा का माहौल बना रहा**

मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन की ओर से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। घटना को लेकर मतदान केंद्र पर कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण रही, जिसे अधिकारियों ने समझाइश के जरिए शांत कराया। वृंदावन स्कूल स्थित भाग संख्या-4 के मतदान केंद्र पर भी ईवीएम करीब 10 मिनट तक खराब रही। हालांकि तकनीकी खराबी दूर किए जाने के बाद मतदान दोबारा सुचारू रूप से शुरू हो गया। मतदान केंद्र पर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई थी। हालांकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के मौके पर नहीं पहुंचने के कारण कुछ दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को उनके परिजन ही मतदान केंद्र तक लेकर पहुंचे। इससे व्यवस्थाओं को लेकर सवाल भी उठे।

भीलवाड़ा के पीथास गांव में पत्थरबाजी से लोगों में दहशत

- **ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि लगातार हो रही इन घटनाओं की गहनता से जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए**
- **पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जाएगी तथा पत्थरबाजी करने वाले आरोपियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र पकड़ने के प्रयास किए जाएंगे**

भीलवाड़ा, (निसं)। बागोर थाना क्षेत्र के पीथास ग्राम में बिजली गुल होने के बाद अज्ञात लोगों द्वारा मकानों पर पत्थर फेंकने की लगातार घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। गुरुवार रात करीब 9:40 बजे बिजली गुल होने के बाद गोपाल चौबे पुत्र स्वर्गीय गणपत चौबे के मकान के बाहर अज्ञात लोगों ने बड़े-बड़े पत्थर फेंके। अचानक हुई घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत प्रशासक छोटू सिंह चुंडावत ने बागोर थाना पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाने की बात कही गई।

जानकारी के अनुसार करीब एक माह पूर्व भी गोपाल चौबे के मकान पर अज्ञात लोगों द्वारा पत्थर फेंके गए थे। लगातार दूसरी बार घटना होने से परिवार एवं ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी बीच शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे बिजली दोबारा गुल होने के बाद हिम्मत सुवालका/स्वर्गीय सोहनलाल सुवालका के मकान की छत पर भी अज्ञात लोगों ने पत्थर फेंके। लगातार दूसरी घटना सामने आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। लगातार हो रही घटनाओं की सूचना के बाद शुक्रवार प्रातः करीब 2 बजे बागोर थाना पुलिस पीथास पहुंची। पुलिस ने दोनों घटनास्थलों का मौका मुआयना किया तथा आसपास के मोहल्लेवासियों से घटना के संबंध में पूछताछ कर जानकारी जुटाई। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जाएगी तथा पत्थरबाजी करने वाले आरोपियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र पकड़ने के प्रयास किए जाएंगे। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि लगातार हो रही इन घटनाओं की गहनता से जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। साथ ही रात्रि के समय गांव में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके और ग्रामीणों में व्याप्त भय का माहौल समाप्त हो सके।

झुंझुनूं में ई-मित्र कियोस्कों पर विभाग की सख्ती, 30 जगह औचक जांच

झुंझुनूं, (निसं)। ई-गवर्नेंस सेवाओं में पारदर्शिता और आमजन को निर्धारित शुल्क पर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, ब्लॉक-झुंझुनूं की ओर से ई-मित्र कियोस्कों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। विभाग की अलग-अलग टीमों ने अगस्त 2026 में उपखंड क्षेत्र के 30 ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और शुल्क वसूली की जांच की।

निरीक्षण के दौरान एक ई-मित्र कियोस्क पर अनियमितता सामने आने पर संबंधित कियोस्क धारक को सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया। विभाग की कार्रवाई से ई-मित्र संचालकों में भी हड़कंप की स्थिति रही। विभाग के प्रोग्रामर विनोद कुमार सैनी ने बताया कि ई-मित्र कियोस्कों पर आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के लिए निर्धारित शुल्क और विभागीय नियमों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियमित रूप से निरीक्षण किए जा रहे हैं। औचक जांच के दौरान व्यवस्थाओं, सेवा प्रक्रिया और शुल्क वसूली सहित विभिन्न बिंदुओं को देखा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन या अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग का उद्देश्य ई-मित्र सेवाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के साथ आमजन को निर्धारित शुल्क पर बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना है।

हिण्डौन सिटी में फर्जी मतदान को लेकर दो पक्षों में मारपीट

घटना में निर्दलीय प्रत्याशी बिजेंद्र सहित दो लोग घायल, हिंडौन के अस्पताल में भर्ती कराया

हिंडौन सिटी, (निसं)। हिण्डौन नगर परिषद के लिए शुक्रवार को हुए मतदान में छिटपुट घटनाओं के बीच मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुछ मतदान केंद्रों पर फर्जी मतदान के प्रयास, प्रत्याशियों के समर्थकों की ओर से निर्धारित सीमा में प्रचार करने की कोशिश और वार्ड 40 में फर्जी मतदान को लेकर विवाद की घटना सामने आई। हालांकि पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी के चलते मतदान प्रक्रिया पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा और चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

मतदान के दौरान कुछ बूथों पर आधार कार्ड में कथित हेराफेरी कर फर्जी मतदान का प्रयास करने की सूचनाएं मिलीं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया। वार्ड संख्या 32 से दो लोगों को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। इसके अलावा अन्य वार्डों से भी फर्जी मतदान के प्रयास में कुछ लोगों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। वार्ड संख्या 40 में फर्जी मतदान को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला झगड़े और मारपीट तक पहुंच गया। घटना में निर्दलीय प्रत्याशी बिजेंद्र सहित दो लोगों के घायल होने की सूचना है। दोनों घायलों को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल हिंडौन में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को शांत कराया। बाद में पुलिस अधिकारी राजकीय अस्पताल भी पहुंचे और घायल निर्दलीय प्रत्याशी से घटना की जानकारी लेते हुए उसके हाल-चाल पूछे। घटना के दौरान पथराव होने की भी चर्चा रही, हालांकि इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी। मतदान शुरू होने के समय बूथ संख्या 81 पर ईवीएम में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। इसकी सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और तत्काल मशीन बदलवाई। नई मशीन लगाए जाने के बाद मतदान प्रक्रिया को सुचारू कराया गया। इससे कुछ समय के लिए मतदान प्रभावित हुआ, लेकिन प्रशासन की तत्परता से स्थिति शीघ्र सामान्य हो गई।

सीकर जिले से फूड रियलिटी अवेयरनेस पदयात्रा गुजरी

- **रतनगढ़, सीकर, जयपुर, कोटपूतली और गुरुग्राम होते हुए दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचेगी पदयात्रा**

सीकर, (निसं)। सीकर जिले से फूड रियलिटी अवेयरनेस पदयात्रा गुजर रही है। देश में बढ़ती मिलावटखोरी, असुरक्षित खाद्य पदार्थों, हानिकारक रसायनों के प्रयोग और भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ जन जागरूकता के लिए यह पदयात्रा निकाली जा रही है।

यात्रा संयोजक एडवोकेट जयंत मूंड ने बताया कि 4 सितंबर को बीकानेर के वैष्णो माता मंदिर से पदयात्रा शुरू हुई। यह पदयात्रा रतनगढ़, सीकर, जयपुर, कोटपूतली और गुरुग्राम होते हुए दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचेगी। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे दमित गहलोत और एडवोकेट जयंत मूंड का सीकर जिले की सीमा में प्रवेश करने पर स्वागत किया गया। जयंत मूंड ने बताया कि इस पदयात्रा के जरिए नकली दूध, घी, पनीर, आटा और मसालों के माफियाओं की फांसी का प्रावधान, मिलावट से जुड़े मामलों का 90 दिनों में समाधान के लिए विशेष अदालतों का गठन करने की मांग की जा रही है।

8वीं क्लास के कोर्स में शुद्ध आहार सब्जेक्ट जोड़ने की मांग :- इसके अलावा पैकेटबंद प्रोडक्ट्स पर 5 स्टार रेटिंग कंपल्सरी करना, हर प्रोडक्ट की सभी सामग्री की लिस्ट हिंदी में अनिवार्य हो, हर जिले में आमजन के लिए अत्याधुनिक फूड टेस्टिंग लैब की स्थापना, फसलों व सब्जियों में जहरीले रसायनों, आर्टिफिशियल कलर/फ्लेवर व पाम ऑयल पर रोक तथा शुगर की मात्रा कंट्रोल करना, कोल्ड ड्रिंक्स व तंबाकू-गुटखा उत्पादों पर देश में पूर्ण प्रतिबंध, प्रोडक्ट्स के झूठे दावे और भ्रामक प्रचार करने वाली कंपनियों और प्रमोटर सेलिब्रिटीज को जेल का प्रावधान, पहली कक्षा से 8वीं तक के पाठ्यक्रम में शुद्ध आहार विषय अनिवार्य रूप से जोड़ने की मांग की है। पदयात्री युवाओं ने आमजन से खाद्य सामग्री खरीदते समय लेबल और एक्सपायरी जांचने और मिलावट की शिकायत तुरंत दर्ज कराने की अपील की है।

पावटा में श्रीकृष्ण गौशाला के पास जरख की दस्तक

पावटा, (निसं)। कस्बे में इन दिनों वन्यजीवों की बढ़ती आवाजाही ने ग्रामीणों और आमजन की चिंता बढ़ा दी है। गुरुवार को श्रीकृष्ण गौशाला पावटा के आसपास जरख (हाइना) दिखाई देने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि जरख काफी देर तक गौशाला के आसपास खेतों में घूमता नजर आया और बाद में आवासीय कॉलोनियों के आसपास भी उसकी गतिविधियां देखे जाने से लोगों में भय का माहौल बन गया। जरख को आबादी के नजदीक घूमता देखकर आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। शाम ढलने के बाद खेतों और कॉलोनियों की ओर आने-जाने वाले ग्रामीणों तथा पशुपालकों में विशेष रूप से डर बना हुआ है।

लोगों का कहना है कि वन्यजीव लगातार आबादी क्षेत्र के नजदीक पहुंच रहे हैं, ऐसे में किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। श्रीकृष्ण गौशाला के आसपास बड़ी संख्या में पशु और ग्रामीणों की आवाजाही रहती है। जरख के यहां पहुंचने की सूचना के बाद पशुपालकों में भी चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गौशाला, खेतों और आसपास की आवासीय कॉलोनियों में निगरानी बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। टीम द्वारा जरख की गतिविधियों पर निगरानी रखने और उसके मूवमेंट का पता लगाने की बात कही गई। आवश्यकता पड़ने पर वन्यजीव को सुरक्षित रेस्क्यू करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जरख अथवा किसी अन्य वन्यजीव के दिखाई देने पर उसके पास जाने, पीछा करने या घेरने का प्रयास नहीं करें। वन्यजीव दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग अथवा पुलिस को सूचना दें।

ग्रामीणों का कहना है कि जरख पहले खेतों में दिखाई दिया और अब आबादी तथा आवासीय कॉलोनियों के आसपास भी नजर आ रहा है। इससे लोगों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से रात के समय क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और वन्यजीव की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने की मांग की है। ग्रामीणों की मांग है कि किसी अप्रिय घटना से पहले वन विभाग प्रभावी कदम उठाए और आबादी क्षेत्र के आसपास वन्यजीवों की आवाजाही को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें।

फर्जी वोटिंग कराने से रोकने पर निर्दलीय प्रत्याशी को पीटा

टोंक, (निसं)। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं. 37 में निकाय चुनाव के दौरान शुक्रवार को फर्जी वोट डालने को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी सलाद्दीन खान ने विरोध किया तो अन्य दल के प्रत्याशी द्वारा उनके साथ मारपीट कर दी, जिसके बाद सलाद्दीन ने मामले की प्रशासन से शिकायत करते हुए थाना कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र लिखकर आरोपी कांग्रेस प्रत्याशी ओसाब के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। सलाद्दीन ने बताया कि पूरे दिन चले चुनावों के दौरान कई बार ऐसे मामले सामने आये, जब सांय एक नाबालिग को आरोपी वोट कराने के लिए लाने के बाद सलाद्दीन ने मना कर दिया, जिसके बाद आरोपी व उसके साथ आये अन्य व्यक्तियों ने सलाद्दीन व उसकी पुत्री के साथ मारपीट की। जिसकी सूचना सलाद्दीन ने लिखित में देकर पुलिस प्रशासन से आरोपियों से उचित कार्यवाही की मांग की है।

सिंघाना में फर्जी वोट डालने का आरोप, पांच जने हिरासत में

सिंघाना, (निसं)। नगर पालिका चुनाव के तहत शुक्रवार को सिंघाना के 35 वार्डों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही रही। कुल 20,630 मतदाताओं में से 16,405 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह नगरपालिका क्षेत्र में 79.52 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 35 वार्डों में कुल 221 प्रत्याशियों का चुनावी भाग्य ईवीएम में बंद हो गया।

मतदान को लेकर प्रशासन एवं पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात रहा। अधिकारी लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुरक्षित स्थान पर जमा कराया गया। मतदान के दौरान दोपहर में बूथ संख्या 5, 6 और 7 पर फर्जी वोट डालने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। वार्ड 6 के निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों ने भाजपा प्रत्याशी पर फर्जी वोट डलवाने का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ और मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। पुलिस ने मामले में दो महिलाओं और तीन युवकों सहित पांच जनों को हिरासत में लिया। बाद में सभी को शांतिभंग के मामले में पाबंद कर छोड़ दिया गया। इस दौरान चुनाव पर्यवेक्षक भगवत सिंह ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से मतदान करवाने के निर्देश दिए।

किसान की मौत

टोंक, (निसं)। टोडारायसिंह में खेत पर फसल काटने गए एक किसान की प्यास बुझाने के दौरान कुएं से पानी निकालते समय पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार को देर सांय टोडारायसिंह क्षेत्र में हुआ जहां गांगोलाव निवासी खेमराज (36) पुत्र कजोड़ मीणा जो अपने खेत पर फसल काटने गया था। काम के दौरान उसे प्यास लगी तो वह खेत में बने कुएं पर पानी लेने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह संतुलन खोकर कुएं में जा गिरा। कुएं में पानी अधिक गहरा होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका और डूब गया।

चूरू में वन शहीद दिवस पर वन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी

- **सरदारशहर, राजगढ़, तारानगर, रतनगढ़, सुजानगढ़ रेंज और वन्यजीव तालछापर में भी वन शहीद दिवस मनाया**

चूरू, (निसं)। वन शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को वन विभाग की ओर से जिला मुख्यालय सहित जिले की विभिन्न वन रेंजों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। नेचर पार्क चूरू में स्थापित शहीद स्मारक पर वन अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर वन व वन्यजीवों की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उप वन संरक्षक संदीप कुमार, सहायक वन संरक्षक मनीष कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश जाखड़ सहित रेंज व मंत्रालयिक स्टॉफ मौजूद रहा। जिले में चूरू, सरदारशहर, राजगढ़, तारानगर, रतनगढ़, सुजानगढ़ रेंज और वन्यजीव तालछापर में भी वन शहीद दिवस मनाया गया।

उप वन संरक्षक संदीप कुमार ने उपस्थित वनकर्मियों, मंत्रालयिक स्टाफ व गणमान्य नागरिकों को पंच गौरव के तहत एक जिला एक वनस्पति प्रजाति के रूप में चयनित खेजड़ी के संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने वीरांगना अमृता देवी और उनके साथियों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि खेजड़ी और पर्यावरण की रक्षा के लिए समाज को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने वनकर्मियों से जिले में हरियाली बढ़ाने के साथ वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का आव्हान किया।

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारी को अलवर खेल परिसर की हकीकत दिखाई

खेल अधिकारी ने साई निदेशक को गंदे टॉयलेट और बिजली चोरी के सबूत दिखाए

अलवर, (निसं)। अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में शुक्रवार को दिल्ली से आए साई (स्पोर्ट्स ऑथिरिटी ऑफ इंडिया) के क्षेत्रीय निदेशक अरुण सिंह के सामने खेल परिसर की उस वक्त पोल खुल गई, जब अलवर जिला खेल अधिकारी ने खेल परिसर की हकीकत दिखाई। जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा ने उन्हें गंदे टॉयलेट और बिजली चोरी से जुड़े सबूत दिखाए। अधिकारी को मौके की व्यवस्थाओं और सामने आई खामियों से अवगत कराया गया।

जानकारी के अनुसार स्टेडियम में साई का सेंटर संचालित हैं और यहीं पर राज्य सरकार की ओर से संचालित जिला क्रीड़ा परिषद का दफ्तर है। साई के क्षेत्रीय निदेशक अरुण सिंह दिल्ली से साई के सेंटर की व्यवस्था देखने आए थे। यहां आने पर जिला खेल अधिकारी ने सारे हालात उनके सामने रख दिए। इस पर साई के क्षेत्रीय निदेशक ने जिला खेल अधिकारी से कहा कि आप लिखित में दीजिए। उसके बाद शिकायतों पर संज्ञान लिया जाएगा।

अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में दिल्ली से आए साई के क्षेत्रीय निदेशक अरुण सिंह ने खेल परिसर की हकीकत जानी।

असल में अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में साई का खेल का सेंटर हैं। अभी यहां शूटिंग और हॉकी के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं, हालांकि अभी हॉकी का खेल बंद है। इस वजह से हॉकी के खिलाड़ियों में निराशा है। हॉकी को लेकर क्षेत्रीय निदेशक अरुण सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्रीय निदेशक के रूप में 1 सितंबर को ही कार्य संभाला है। उसके बाद उनकी यह पहली अलवर की विजिट है। उन्होंने कहा कि हम यह देखने आए हैं कि अलवर के सेंटर पर क्या बेहतर करने की जरूरत है। शूटिंग व हॉकी खेल चलते हैं। शूटिंग को बेहतर करने के प्रयास जारी है। हॉकी में कहां सुधार कर सकते हैं। हॉकी के बंद होने का कारण जमीन का इश्यू रहा। साई के तहत हमारी स्कीम को रन के लिए जमीन की उपलब्धता पूरे समय के लिए होना जरूरी होती है। इसके कारण यहां दिक्कत आई है। अब पता चला है कि हॉकी का सिंथेटिक ग्राउंड बनेगा। उसके मिलने के बाद बेहतर तरीके से खिलाड़ियों को अभ्यास करने का अवसर मिल सकेगा। हॉकी संघ और कोच के बीच अनबन की बातें सामने आई है। उनका भी समाधान किया जाएगा।

- **साई के क्षेत्रीय निदेशक ने जिला खेल अधिकारी से कहा कि आप लिखित में दीजिए, उसके बाद शिकायतों पर संज्ञान लिया जाएगा**

अरुण सिंह ने कहा कि हमारे यहां सहायक निदेशक लगे हैं। आगे टॉयलेट व अन्य चीजों को दुरुस्त कराएंगे। यहां की जिला क्रीड़ा परिषद की अधिकारी ने जो आरोप लगाए हैं। उनको लेकर लिखित में जानकारी मांगी गई है। अब यहां खिलाड़ियों के अलावा आमजन से मिले हैं। इस दौरान कई विषय सामने आए हैं। उन सब को दुरुस्त करने का प्रयास करेंगे।

रेवदर के गांव करजिया स्थित विद्यालय में शिक्षकों की कमी

- **विद्यालय में एक से बारहवीं तक कक्षायें संचालित है, मात्र तीन शिक्षक ही कार्यरत हैं**
- **पीईईओ ने अपने क्षेत्र से ही सात शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करके ग्रामीणों को शांत किया**

रेवदर, (निसं)। ब्लॉक के ग्राम पंचायत दत्तानी के गांव करजिया में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की अत्यधिक कमी से नाराज होकर करजिया ग्रामवासियों ने स्कूल के ताला जड़ दिया।

सुदूर जनजाति क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय में एक से बारहवीं तक कक्षायें संचालित है, परंतु शिक्षा विभाग की अनदेखी से मात्र स्कूल में तीन शिक्षक ही कार्यरत हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही हैं। तालाबंदी की सूचना मिलने पर पीईईओ दत्तानी रूपेश राठौर ने पहुँच कर समझाइश की, परंतु ग्रामीण मौके पर ही शिक्षकों की स्थाई व्यवस्था करने की मांग पर अड़े रहे। पीईईओ ने अपने क्षेत्र से ही सात शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करके ग्रामीणों को शांत कर विद्यालय का सुचारू संचालन प्रारंभ करवाया। यह विद्यालय लगभग 3 वर्ष पहले सीनियर स्कूल में क्रमौन्नत हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में ही इसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था करके शिक्षण कार्य करवाया गया है। ग्रामीणों की पुरजोर मांग है कि इस समस्या स्थाई शिक्षक लगाकर हल निकाला जाए। मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

अलवर में सात नगर पालिकाओं में मतदान शांतिपूर्ण हुआ

अलवर, (निसं)। आज हुए द्वितीय चरण के लिए जिले की सात नगर परिषद, पालिकाओं के लिए हुए चुनाव में कुल मतदान प्रतिशत 85.46 रहा सबसे ज्यादा मतदान बडोदामेव नगर पालिका 89.74, गोविन्दगढ़नगर पालिका में 86.35, कठूमर नगर पालिका में 85.79, खेरली में 82.26, राजगढ़ नगर पालिका में 63.64, थानागाजी में 86.99 और लक्ष्मणगढ नगर पालिका में 86.70 प्रतिशत वोटिंग हुई।

अलवर जिले में निकाय के दूसरे चरण में शुक्रवार को 7 नगर पालिकाओं (कठूमर, खेड़ली, थानागाजी, राजगढ़, लक्ष्मणगढ़, गोविंदगढ़ -रामबास, बड़ौदामेव) में वोटिंग हुई। इस दौरान गोविंदगढ़ में वोट डालने आए बुजुर्गों को व्हील चेयर नहीं मिलने से लोगों और पुलिस प्रशासन में कहासुनी भी हो गई। बुजुर्ग लोग परेशान भी नजर आए।